(ग) अकस्मात् चार का गजर कहीं खड़का, मेरा दिल धड़का, उदास मटमैल मनरूपी वाल्मीक चल-विचल हुआ उदास। अनगिनत काली-काली हायफन डैशों की लीकें बाहर निकल पड़ीं, अन्दर घुस पड़ी भयभीत, सब ओ बिखराव। मैं अपने कमरे में यहाँ लेटा हुआ हूँ। काले-काले शहतीर छत के हृदय दबोचते। यद्यपि आंगन में नल जो मारता, जल खखारता। किन्तु न शरीर में बल है अंधेरे में गल रहा दिल यह।



अथवा

विचित्र अनुभव जितना मैं लोगों की पांतों को पार कर बढ़ता हूँ आगे, उतना ही मैं पीछे रहता हूँ अकेला, पश्चात पद हूँ। पर, एक रेला और पीछे से चला और अब मेरे साथ हैं। आश्चर्य! अद्भुत!! लोगों की मुट्ठियाँ बंधी हैं। अंगुली सन्धि से फूट रहीं किरनें लाल-लाल यह क्या!! मेरे ही विक्षोभ-मणियों को लिए वे, मेरे ही विवेक रत्नों को लेकर, बढ़ रहे लोग अंधेरे में सोत्साह। किन्तु मैं अकेला। बौद्धिक जुगाली में अपने से दुकेला।

(7×3=21)

2. (क) सुमित्रानन्दन पंत के जीवन-दर्शन का विवेचन कीजिए। **अथवा** पंत की कल्पनाशीलता का विहंगमावलोकन कीजिए।

(ख) दिनकर काव्य के संवाद कौशल का सिंहावलोकन कीजिए। **अथवा** रामधारी सिंह दिनकर के काव्य को महाकाव्यत्व की संज्ञा दी गई है– इस कथन की विवेचना कीजिए।

(ग) अज्ञेय प्रयोगधर्मिता के कवि हैं– इस कथन की उदाहरणों सहित विवेचना कीजिए। **अथवा** अज्ञेय के काव्य के अभिव्यञ्जना पक्ष की विवेचना कीजिए। (3×12=36)

3. निम्नलिखित लघूत्तरी प्रश्नों में से किन्हीं **पाँच** के उत्तर दीजिए :

(क) महादेवी वर्मा की काव्यगत विशेषताएँ।

(ख) केदारनाथ अग्रवाल की कविता 'खजुराहो के मन्दिर।'

(ग) नरेश मेहता का काव्य 'शबरी।'

(घ) धर्मवीर भारती की 'कनुप्रिया'।

(ङ) रघुवीर सहाय की सामाजिक चेतना।

(च) दुष्यन्त कुमार का काव्य-नाट्य 'एक कंठ विषपायी'।

(ग) 'पद्मावत' की भाषा कौन-सी है?

(घ) पद्मावती की नाक की सुन्दरता देखकर कौन पीला पड़ गया?

(ङ) घनानन्द के अभिव्यक्ति पक्ष की **तीन** विशेषताएँ।

(च) घनानन्द के काव्य की प्रमुख विशेषता।

(छ) कबीर के समकालीन राजा कौन थे?

(ज) कबीर के एकेश्वरवाद पर किसका प्रभाव अधिक दिखाई देता है? (8×1=8)

---



Roll No. ....................

Total Pages : 4

MDQ/D-17 **6309-S**

# प्राचीन एवम् मध्यकालीन काव्य

Paper–VI

Time : Three Hours] [Maximum Marks : 80

**नोट :** सभी प्रश्नों के उत्तर दें।

1. निर्देशानुसार निम्नलिखित पद्यांशों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

(क) बिहरह नवल किसोर। कालिंदी-पुलिन कुंज बन सोभन।
नव नव प्रेम बिभोर। नवल रसाल मुकुल मधु मातल।
नव कोकिल कुल गाय। नवजुवती गन चित उमता अई।
नवरस कानन धाँय। नवजुवराज नवल बर नागरि।
मिलए नव नव भाँति। निति निति ऐसन नव-नव खेलन।

अथवा

सखि हे कतहु न देखि मधाई। काँप सरीर थीर नहिं मानस।
अवधि नियर भेल आई। माधव मास तीथि भओ माधब।
अवधि कइए पिया गेला। कुच जुग संभु परसि कर बोललहिं।
तें परतिति मोहि भेला। मृगमद चानन परिमल कुंकुम।
के बोल सीतल चंदा। पिआ बिसलेख अनल जों बसिए।
विपत्ति चिन्हिए भल चंदा। भनइ विद्यापति सुन बर जौबति।

(ख) भर भादों दूभर अति भारी। कैसे भरौं रैनि अँधियारी।
मंदिल सून पिय अनतै बसा। सेज नागिनी भै धै धै डसा।

रहौं अकेलि गहें एक पाटी। नैंन पसारि मरौं हिय फाटी।
चमकि बीज घन गरजि तरासा। बिरह काल होइ जीउ गरासा।
बरसि मेघा झँकोरि-झँकोरि। मोर दुइ नैन चुबहिं जसि ओरी।
पुरबा लग पुहुमि जल पूरी। आक जपास भई हौं झूरी।
धनि सूखै भर भादौं माहाँ। अबहूँ आई न सींचति नाहाँ।

अथवा

तासौं दुख कहिए, हो बीरा। जेहि सुनि कैं लागैं पर पीरा।
को होइ भीवँ दँगवे परगाहा। को सिंघल पहुँचावै चाहा।।
जहाँ सो कंत गए होइ जोगी। हौं किंगरी भै झुरौ बियोगी।
ओहूँ सिंगी पूरे, गुरु भेंटा। हों भै भस्म, न आइ समेटा।
कथा जो कहै आइ पिय केरी। पाँवरि होउँ, जनम भरि चेरी।
ओहि के गुन सँवरत भै माला। अबहुँ न बहुरा उड़िगा छाला।
बिरह गुरुइ, खप्पर कै हिया। पवन अधार रहा होई जिया।

(ग) रंग लियौ अबलानि के अंग ते। च्वाय कियौं चित चैन कचोवा।
और सबै सुख सौंधे सकेलि मचाय दिया घनआनंद ढोवा।।
प्रान-अबीरहि फेंट भरे अति छाक्यो फिरै, मति की गति खोवा।
स्याम सुजान बिना सजनी, ब्रज यौं बिरहा भयो फाग बिगोबा।

अथवा

ज्यौं बुधि सों सुधराई रचै कोऊ, सारदा को कविताई सिखावै।
मूरतिवंत महालक्ष्मी-उर पोत हरा रचि लै पहरावै।
रागवधू चित्र चोरन के हित सोधि सुधारि कै तानहिं गावै।
त्यौं ही सुजान तियै घनआनँद मो-जिय बौरई रीति-रिझावै।

(3×7=21)



2. (क) कबीर की भक्ति-भावना का विवेचन कीजिए **अथवा** कबीर और तुलसी के राम में अन्तर स्पष्ट कीजिए।

(ख) सूरदास के काव्य का सौंदर्य-बोध विवेचित कीजिए **अथवा** सूरदास की गीतात्मकता का विवेचन कीजिए।

(ग) कवितावली का काव्य-सौष्ठव उदाहरणों सहित लिखिए **अथवा** रामचरितमानस के काव्य-सौंदर्य का विवेचन कीजिए।

(12×3=36)

3. निम्नलिखित लघूत्तरी प्रश्नों में से किन्हीं **पाँच** के उत्तर 250 शब्दों में लिखिए :

(क) क्या सरहपाद को प्रथम कवि कहा जा सकता है?

(ख) नाथपंथ के प्रमुख भेद बताते हुए गोरखनाथ का वर्णन कीजिए।

(ग) अमीर खूसरो के काव्य में लोकतत्त्व।

(घ) गुरुगोबिन्द सिंह के इष्टदेव।

(ङ) मीराबाई की कृष्ण-भक्ति।

(च) भूषण की वीर भावना।

(छ) नन्ददास के काव्य में प्रकृति।

(ज) केशवदास की 'रामचन्द्रिका' में संवाद योजना।

(झ) कवि रैदास की वाणी में कर्म-योग।

(ञ) रहीम खानखाना के काव्य में भारतीय संस्कृति। (5×3=15)

4. निम्नलिखित वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(क) विद्यापति पदावली का सम्पादन किसने किया?

(ख) विद्यापति की कौन-सी रचना अवहट्ठ भाषा में लिखी गई है?

Roll No. ......................

Total Pages : 2

**MDQ/D-17**

# 6311-S

## प्रयोजनमूलक हिन्दी

Paper–VIII

Time : Three Hours] [Maximum Marks : 80

1. निम्नलिखित आलोचनात्मक प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

(क) पारिभाषिक शब्दावली के निर्माण के सिद्धान्त को स्पष्ट कीजिए।

अथवा

हिन्दी के प्रमुख इन्टरनेट पोर्टल पर प्रकाश डालिए।

(ख) संपादन के आधारभूत तत्त्वों को स्पष्ट कीजिए।

अथवा

प्रमुख प्रेस कानूनों का परिचय दीजिए।

(ग) विभिन्न जनसंचार माध्यमों के स्वरूप को स्पष्ट कीजिए।

अथवा

विज्ञापन की भाषा पर प्रकाश डालिए।

(घ) हिन्दी की प्रयोजनीयता में अनुवाद की भूमिका लिखिए।

अथवा

जनसंचार माध्यमों के अनुवाद को लिखिए।

(4×12=48)

2. किन्हीं **पाँच** लघूत्तरी प्रश्नों के उत्तर लगभग 250–250 शब्दों में लिखिए :

(क) मातृभाषा हिन्दी।

(ख) ब्राउजिंग।



(ग) पृष्ठ-सज्जा।

(घ) पत्रकार वार्ता।

(ङ) श्रव्य माध्यम (रेडियो)।

(च) टेली-ड्रामा।

(छ) रिपोर्ताज।

(ज) अनुवाद का क्षेत्र।

(झ) प्रशासनिक नियुक्तियाँ।

(ञ) अनुभाग। (5×4=20)

3. निम्नलिखित वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

(क) ई-मेल का प्रयोग किसकी सहायता से किया जाता है?

(ख) पहले हिन्दी पोर्टल के जन्मदाता का नाम बताइए।

(ग) डाउनलोडिंग से क्या अभिप्राय है?

(घ) पत्रकारिता को लोकतंत्र का कौन-सा स्तंभ माना जाता है?

(ङ) प्रूफ प्रमुख रूप से कितने प्रकार के हैं?

(च) साक्षात्कार किस शैली में किया जाता है?

(छ) स्पेस क्यों डाला जाता है?

(ज) टेलिविजन किस प्रकार का माध्यम है?

(झ) भारत की राजभाषा क्या है?

(ञ) संक्षेप में लिखने को क्या कहते हैं?

(ट) सबसे कठिन अनुवाद किस विधा का है?

(ठ) भारत में इन्टरनेट कब प्रारंभ हुआ? (12×1=12)

(ग) भारतीय साहित्य अध्ययन की समस्या।

(घ) तारकनाथ गंगोपाध्याय का परिचय।

(ङ) चैतन्य का साहित्यिक महत्त्व।

(च) विद्यापति का साहित्यिक योगदान।

(छ) मनसा मंगल से अभिप्राय।

(ज) चैतन्य का साहित्यिक महत्त्व।

(झ) रवीन्द्रनाथ ठाकुर का परिचय।

(ञ) नजरूल इस्लाम। (5×3=15)

6. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(क) 'अग्नि गर्भ' उपन्यास का अनुवादक कौन है?

(ख) सीताकान्त महापात्र मूलतः किस भाषा के कवि हैं?

(ग) 'घासीराम कोतवाल' नाटक में घासीराम का संबंध किस क्षेत्र से है?

(घ) 'वर्षा की सुबह' का हिन्दी अनुवाद किसने किया है?

(ङ) 'वर्षा की सुबह' की अधिकांश कविताएं छंदबद्ध हैं या छंदमुक्त।

(च) 'आया है वर्षा काल, घन बरसता लगातार' किस कविता की पंक्तियां हैं?

(छ) रवीन्द्रनाथ टैगौर की किसी एक रचना का नाम लिखो।

(ज) 'अग्नि गर्भ' उपन्यास में भारत के किस क्षेत्र का वर्णन है। (8×1=8)

---



Roll No. ......................

Total Pages : 4

**MDQ/D-17**

# 6312-S

## भारतीय साहित्य

Paper–9

Time : Three Hours] [Maximum Marks : 80

**नोट :** सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

1. संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए।

(क) कार्य और कारण का,
जनम और मरण का क्रीतदास
पग-पग पर हँसी रुलाई,
हानि-लाभ कर्मवश
देखता हूं मैं शून्यता को
और पूछता हूँ,
आत्माराम, शून्यमय ओ निरंजन
बनूंगा नहीं क्या मैं कभी आकाश?

अथवा

झड़ने से पहले सूखा पत्ता
दुनिया में सबसे अवांछित समझता है खुद को।
भला क्या जाने वह
खास उसी के लिए असीम धैर्य से
नीचे ताक रही है मिट्टी
न जाने किस अनंतकाल से

उसे अपनी देह में मिलाएगी।
अमृत बनाएगी,
जीवन्यास देगी नए बीज को
भेज देगी खेलने
सूर्य, पवन, बादलों की प्राचीन दुनिया में।

(ख) चोर खाकसार, सिपाही परवरदिगार। चोर मामूली चोर, सिपाही सरकारी चोर। चोर को जीना है तो सिपाही को सलाम करे, चोली चढ़ाए, खुश रक्खे। हफ्ते-ब-हफ्ते बिला नागा। फिर भी खफा हो जाए, तो प्यारे, तुम्हारा टुकड़ा साफ हो जाए। लात और घूंसों की बारिश होगी, हवालात तुम्हारी हमराज होगी।

अथवा

अपनी बीबी और अपने शौहर को छोड़कर अगर कोई दीगर मर्द औरतों के संग खेलता हुआ दिखाई दे तो फौरन हिरासत में ले लो। नैतिकता की रक्षा करनी होगी, हर सूरत में करनी होगी। बोली बोलते वक्त जो अश्लील शब्द इस्तेमाल करे, उसे बाँध कर मेरे सामने हाजिर करो – चाहे बाम्हन होय। सिर्फ बोल सकते हैं, गाली नहीं दे सकते। कान खोल के सुनना, आँखें फाड़कर देखना। परमिट जाँचना। समझ गए।

(ग) महाजन का रोकड़ अजगर की तरह है। निगलना जानता है, उगलना नहीं जानता। उस खाते से वह जमीन अब बाहर नहीं आती, क्योंकि टुकड़े हुई जमीन-ढालू जमीन-दो उपज की जमीन-सारी जमीन ही अभिमन्यु या अजगर का भोजन हैं। रोकड़ खाते में हड़बड़ाकर घुस जाती हैं, निकलना नहीं जानती। रोकड़ खाते का भोज्य-भक्षक संबंध समुद्र-मंथन या वेद के होम पक्षी से भी पुराने हैं, इसीलिए कंठमणि का साँतरा की जमीन-वमीन का उद्धार नहीं होता।



अथवा

चार पीढ़ियों में भी असल नहीं चुका, सूद भी नहीं। जो हो, जगतारण के बाप के जमाने से वे अगूंठा-निशानी देकर लेबर देते थे। माने, जिन लोगों ने शुरू में लिया था, वे तो थे नहीं। उनके वंशज अगूंठा लगाते। जब तक मूल सहित सूद अदा न हो वे आकर बेगार देंगे। (3×7=21)

2. भारतीय साहित्य के समाजशास्त्र का विस्तार से वर्णन कीजिए। 12

अथवा

हिंदी साहित्य में भारतीय मूल्यों की अभिव्यक्ति पर प्रकाश डालिए। 12

3. चैतन्य वैष्णव युग के साहित्य का परिचय दीजिए। 12

अथवा

आधुनिक युग के बंगला साहित्य का संक्षिप्त परिचय लिखिए। 12

4. हिन्दी गद्य और बंगला गद्य साहित्य की तुलनात्मक विवेचना कीजिए। 12

अथवा

बंगाल वैष्णव काव्य परंपरा और हिंदी भक्तिकाल के साहित्य की तुलना कीजिए। 12

5. किन्हीं **पाँच** पर टिप्पणी कीजिए। (प्रत्येक 250 शब्द)

(क) बंगला निबंध।

(ख) चंडीमंगल काव्य से क्या अभिप्राय है।

(ग) कबीरदास का जन्म किस शताब्दी में हुआ था?

(घ) कबीरदास की माता का क्या नाम था?

(ङ) कबीरदास की रचनाओं के नाम लिखो।

(च) कबीर की भाषा को क्या कहा जाता है?

(छ) कबीर के पद किस बंगाली साहित्यकार ने एकत्रित किए?

(ज) कबीर की एक उलटबांसी लिखिए। (8×1=8)

---



Roll No. .....................

Total Pages : 4

**MDQ/D-17**

# 6313-S

## कबीरदास

Paper–X
Opt. (i)

Time : Three Hours] [Maximum Marks : 80

**नोट :** सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

## खण्ड-क

1. किन्हीं **तीन** की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए :

(क) कबीर कहता जात हूँ, सुणता है सब कोइ।
राम कहें भला होइगा, नहिं तर भला न होइ।।
कबीर कहैं मैं कथि गया, कथि गया ब्रह्म महेस।
राम नाँव सतसार है, सब काहू उपदेस।।

(ख) ऐसा अद्‌भुत मेरे गुरि कथ्या, मैं रह्या उमेषै।
मूसा हसती सौ लड़ै, कोई बिरला पेषै।।
उलटि मूसै सापणि गिली, यहु अचिरज भाई।
चींटी परबत ऊषण्याँ, ले राख्यौं चौड़ै।।
मुर्गी मिनकी सूँ लड़ै, झल पाँणौं दौड़ै।

(ग) पिंजर प्रेम प्रकासिया, जाग्या जोग अनंत।
संसा खूटा सुख भया, मिल्या पियारा कंत।।
प्यंजर प्रेम प्रकासिया, अंतरि भया उजास।
मुख कसतूरी महमहीं, बांणीं फूटी बास।।

(घ) अब मैं पाइबो रे पाइबो ब्रह्म गियान,
सहस समाधें सुख में रहिबो, कोटि कलप विश्राम।।
गुर कृपाल कृपा जब कीन्हौं, हिरदै कँवल बिगासा।
भाग भ्रम दसौं दिस सुझ्या, परम जोति प्रकासा।।
मृतक उठ्या धनक कर लीयै, काल अहेड़ी भाषा।
उदय सूर निस किया पयाँनाँ, सोवत थैं जब जागा।।

(ङ) अवधू ऐसा ग्यान बिचार,
भेरैं चढ़े सु अधधर डूबे, निराधार भये पार।।
ऊघट चले सु नगरि पहुँचे, बाट चले ते लूटे।
एक जेवड़ी सब लपटाँने, के बाँधे के छूटे।।
मंदिर पैसि च्हूँ दिसि भीगे, बाहरि रे ते सूका।
सरि मारे ते सदा सुखारे, अनमारे ते दूषा।।

(च) काजी सो जो काया बिचारै, तेल दीप मैं बाती जारै।।
तेल दीप मैं बाती रहे, जोति चीन्हि जे काजी कहै।।
मुलनां बंग देइ सुर जाँनी, आप मुसला बैठा ताँनी।।
आपुन मैं जे करै निवाजा, सो मुलनाँ सरबत्तरि गाजा।।
सेष सहज मैं महल उठावा, चंद सूर बिचि तारौ लावा।।
अर्ध उर्ध बिचि आनि उतारा, सोई सेष तिहूँ लोक पियारा।।

(3×7=21)

## खण्ड-ख

2. किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(क) संतकाव्य की परंपरा का परिचय दीजिए।

(ख) आधुनिक संदर्भ में कबीर के काव्य की प्रासंगिकता पर अपने विचार प्रकट कीजिए।



(ग) कबीर के काव्य के अभिव्यंजना पक्ष की विवेचना कीजिए।

(घ) कबीर के सामाजिक चिंतन की उदाहरण देते हुए चर्चा कीजिए।

(ङ) कबीर की सौंदर्य-भावना का वर्णन कीजिए।

(च) मध्यकालीन विचारकों में कबीर का स्थान निर्धारित कीजिए।

(3×12=36)

## खण्ड-ग

3. किन्हीं **पाँच** पर टिप्पणी कीजिए। प्रत्येक टिप्पणी लगभग 250 शब्दों में हो।

(क) कबीर का समन्वयवाद।

(ख) कबीर का विरह-वर्णन।

(ग) कबीर की प्रतीक योजना।

(घ) कबीर उलटबांसियाँ।

(ङ) कबीर की सहज-भक्ति।

(च) कबीर के शिष्य।

(छ) कबीर के अध्ययन की सामग्री का परिचय।

(ज) कबीर का व्यक्तित्व।

(झ) कबीर के काव्य-रूप।

(ञ) कबीर की रचना-शैली। (5×3=15)

## खण्ड-घ

4. सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(क) कबीरदास का प्रसिद्ध शिष्य और उत्तराधिकारी कौन था?

(ख) कबीरदास का समाधि-स्थल का क्या नाम है?

(ग) सूरसागर का उद्देश्य।

(घ) साहित्यलहरी की प्रामाणिकता।

(ङ) सूरसारावली की मौलिकता।

(च) सूरकाव्य में लोकतत्त्व।

(छ) साहित्यलहरी का उद्देश्य।

(ज) कृष्णभक्ति काव्यधारा की प्रमुख विशेषताएँ।

(झ) सूरदास की जन्मान्धता का प्रश्न।

(ञ) सूरसागर की मौलिकता। (5×3=15)

4. निम्नलिखित वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(क) सूरसागर सार पाठ्यक्रम की पुस्तक कहाँ से प्रकाशित हुई है?

(ख) सूरसागर सार में कितने उत्कृष्ट पदों का संकलन है?

(ग) चौरासी वार्ता में सूरदास के पूर्वार्द्ध जीवन के विस्तार का वर्णन किसने किया है?

(घ) सूरदास विरक्त स्वामी के रूप में कहाँ रहते थे?

(ङ) सूरदास की मृत्यु कहाँ हुई थी?

(च) किसने आठ कवियों में श्रेष्ठ स्थान सूरदास को दिया?

(छ) सूरदास की सबसे प्रसिद्ध रचना कौन-सी है?

(ज) 'सूरसागर सार' पाठ्यक्रम कीं पुस्तक में सर्वप्रथम किस प्रकार के पद संकलित हैं? (8×1=8)



Roll No. ....................

Total Pages : 4

**6315-S**

**MDQ/D-17**

सूरदास

Paper–X (iii)

Time : Three Hours] [Maximum Marks : 80

**नोट :** निर्देशानुसार सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

1. निम्नलिखित पद्यांशों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

(क) कमल नैन हरि करौ कलेवा।
माखन रोटी सद्य जम्यौ दधि, भाँति-भाँति के मेवा।
खारिक दाख, चिरौंजी किसमिस उज्वल गरी बादाम।
सफरी सेव छुवारे, पिस्ता जे तरबूजा नाम।
अरु मेवा बहु भाँति भाँति हैं षटरस के मिष्ठान्न।
सूरदास प्रभु करत कलेवा, रीझे स्याम सुजान।

(ख) चोरी करत कान्ह धरि पाए।
निसि बासर मोहिं बहुत सतायौ अब हरि अरि हाथहिं आए।
माखन दधि मेरी सब खायौ, बहुत अचगरी कीन्ही।
अब तो घात परे ही लालन, तुम्हैं भलैं मैं चीन्ही।
दोउ भुज पकरि, कह्यौ कहँ जैहीं माखन लेउँ मँगाइ।
तेरी सौं मैं नेकुँ न खायौ, सखा गये सब खाइ।
मुख तन चितै बिहँसि हरि दीन्हो रिस तब गई बुझाइ।
लियौ स्याम उर लाइ ग्वालिनी, सूरदास बलि जाइ।

(ग) उधो कोकिल कूजत कानन।

तुम हमकौं उपदेश करत हौ, भस्म लगावन आनन।
औरौ सिखी सखा सँग लै लै टेरत चढ़े परवानन।
बहुरौ आइ पपीहा कैं मिस, मदन हनत निज बानन।
हमतौ निपट अहीरि बावरी, जोग दीजिऐ जानन।
कहा कथत मौसी के आगें जानत नानी नानन।
तुम तौं हमें सिखावन आए, जोग होइ निरवानन
सूर मुक्ति कैसे पूजति है; वा मुरली के तानन।

(घ) साँवरौ साँवरी रैनि कौ जायौ।

आधी रात कंस के त्रासनि, वसुद्यौ गोकुल ल्यायौ।
नंद पिता अरु मातु जसोदा, माखन नहीं खवायौ।
हाथ लकुट कामरि काँधे पर, बछरन साथ डुलायौ।
कहा भयौ मधुपुरी अवतरे, गोपीनाथ कहायौ।
ब्रज बधुअनि मिलि साँट कटीली, कपि ज्यौं नाच नचायौ।
अब लौं कहाँ रहे हो ऊधौ, लिखि लिखि जोग पठायौ।
सूरदास हम यहै परेखौ, कुबरी हाथ बिकायौ।

(ङ) द्विज कहियौ जदूपति सौं बात।

बेद विरुद्ध होत कुंडिनपुर, हंस के अंस काग नियरात।
जनि हमरे अपराध बिचारहु, कन्या लिख्यौ मेटि गुरु तात।
तन आत्मा समरप्यौ तुमकौं, उपजै परी तातैं यह बात।
कृपा करहु उठि बेगि चढ़हु रथ, लगन समै आवहु परभात।
कृष्ण सिंह बलि धरी तुम्हारी, लैबै कौं जंबुक अकुलात।
तातैं मैं द्विज बेगि पठायौ, नेम धरम मरजादा जात।
सूरदास सिसुपाल पानि गहै, पावक रचौं करौं अपघात।।



(च) अति मलीन बृषभानु-कुमारी।

हरि स्रम-जल भी ज्यौं उर अंचल, तिहि लालच न धुवावति सारी।
अध मुख रहति अनत नहिं चितवति, ज्यौं गथ हारे थकित जुवारी।
छूटे चिकुर बदन कुम्हिलाने, ज्यौं नलिनी हिमकर की मारी।
हरि सँदेस सुनि सहज मृतक भइ, इक बिरहिनि दूजे अलि जारी।
सूरदास कैसैं करि जीबैं, ब्रज बनिता बिन स्याम दुखारी।

(3×7=21)

2. निम्नलिखित आलोचनात्मक प्रश्नों में से **तीन** के उत्तर दीजिए :

(क) भ्रमरगीत का उद्देश्य उदाहरण सहित विवेचित कीजिए।

(ख) सूरकाव्य में वर्णित ब्रज-संस्कृति का विवेचन कीजिए।

(ग) सूरदास के काव्य के वात्सल्य वर्णन का विहंगभाव लोकन कीजिए।

(घ) सूरदास की भक्ति-भावना का विवेचन कीजिए।

(ङ) सूरदास के काव्य में चित्रित प्रकृति के विभिन्न रूपों का वर्णन कीजिए।

(च) सूरदास के काव्य की सौंदर्य-दृष्टि का विवेचन कीजिए।

(3×12=36)

3. निम्नलिखित लघूत्तरी प्रश्नों में से **पाँच** के उत्तर दीजिए :

(क) कृष्णभक्ति परम्परा का वर्णन।

(ख) सूरदास का प्रमाणिक जीवन-परिचय।

Roll No. ......................

Total Pages : 3

**6620**

**CMDE/D-17**

# हिन्दी साहित्य का इतिहास

Paper – II (HI-108)

Time : Three Hours] [Maximum Marks : 80

1. निम्नलिखित आलोचनात्मक प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(क) हिन्दी साहित्य के इतिहास का काल-विभाजन और नामकरण लिखिए।

अथवा

हिन्दी साहित्येतिहास लेखन की परंपरा पर प्रकाश डालिए।

(ख) आदिकाल की परिस्थितियों को विस्तार से लिखिए।

अथवा

सिद्ध साहित्य की परंपरा और प्रवृत्तियों का विवेचन कीजिए।

(ग) सन्तकाव्य की परंपरा और प्रवृत्तियाँ लिखिए।

अथवा

सूफीकाव्य में लोक-जीवन को स्पष्ट कीजिए।

(घ) कृष्णकाव्य की परंपरा और प्रवृत्तियों का वर्णन कीजिए।

अथवा

तुलसीदास की प्रमुख कृतियों के काव्यरूप को स्पष्ट कीजिए।

(4×12=48)

2. किन्हीं **पाँच** लघूत्तरी प्रश्नों के उत्तर लगभग 250-250 शब्दों में लिखिए :

(क) हिन्दी साहित्येतिहास की आधारभूत सामग्री।

(ख) हिन्दी साहित्य का इतिहास-दर्शन।

(ग) 'पृथ्वीराज रासो' का काव्य-सौन्दर्य।

(घ) नाथ साहित्य की प्रवृत्तियाँ।

(ङ) विद्यापति और उनकी पदावली।

(च) भक्ति आन्दोलन के सांस्कृतिक कारण।

(छ) आलवार सन्तों का संक्षिप्त परिचय।

(ज) कृष्णकाव्य के किसी **एक** सम्प्रदाय का परिचय।

(झ) सूफीकाव्य का वैचारिक आधार।

(ञ) भक्तिकालीन भक्तितर काव्य। (5×4=20)

3. निम्नलिखित वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

(क) गार्साद्रतौसी के इतिहास ग्रन्थ का नाम।

(ख) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल ने आदिकाल का क्या नामकरण किया है?

(ग) मिश्र बंधुओं के इतिहास ग्रन्थ का नाम।

(घ) नाथों की संख्या लिखिए।

(ङ) किसी एक जैन कवि का नाम लिखिए।

(च) भक्तिकाल को हिन्दी साहित्य का क्या माना जाता है?



(छ) भक्तिकाल की कितनी धाराएं हैं?

(ज) गुरुनानक देव किस धारा के कवि हैं?

(झ) जायसी की **एक** रचना का नाम।

(ञ) कृष्ण-काव्यधारा के प्रतिनिधि कवि का नाम।

(ट) अष्टछाप में कितने कवि थे?

(ठ) किसी **एक** आलवार सन्त का नाम लिखिए। (1×12=12)

Roll No. ....................

Total Pages : 5

**6621**

**CMDE/D-17**

आधुनिक गद्य साहित्य

Paper–III-HI-103

Time : Three Hours] [Maximum Marks : 80

**नोट :** सभी प्रश्न अनिवार्य हैं

**खण्ड-क**

1. किन्हीं **तीन** की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए।

(क) उन दिनों के बारे में सोचता हूँ, तो लगता है, हम किसी झुटपुटे में जी रहे हैं। शायद समय बीत जाने पर अतीत का सारा व्यापार ही झुटपुटे में बीता जान पड़ता है। ज्यों-ज्यों भविष्य के पट खुलते जाते हैं, यह झुटपुटा और भी गहराता चला जाता है। उन्हीं दिनों पाकिस्तान के बनाए जाने का ऐलान किया गया था और लोग तरह-तरह के अनुमान लगाने लगे थे कि भविष्य में जीवन की रूपरेखा कैसी होगी। पर किसी की भी कल्पना बहुत दूर तक नहीं जा पाती थी। मेरे सामने बैठे सरदार जी बार-बार मुझसे पूछ रहे थे कि पाकिस्तान बन जाने पर जिन्ना साहिब बंबई में ही रहेंगे या पाकिस्तान में जा कर बस जाएंगे।

(ख) मैंने तेरे को आते ही पहचान लिया। एक काम कहती हूँ। मेरे तो भाग फूट गए। सरकार ने बहादुरी का खिताब दिया है, लायलपुर में जमीन दी है, आज नमक-हलाली का मौका आया है। पर सरकार ने हम तीमियों की एक घघरिया पल्टन

क्यों न बना दी, जो मैं भी सूबेदारजी के साथ चली जाती? एक बेटा है। फौज में भर्ती हुए उसे एक ही बरस हुआ। उसके पीछे चार और हुए, पर एक भी नहीं जीया। 'सूबेदारनी रोने लगी।' अब दोनों जाते हैं। मेरे भाग! तुम्हें याद है, एक दिन टांगेवाले का घोड़ा दहीवाले की दूकान के पास बिगड़ गया था। तुमने उस दिन मेरे प्राण बचाये थे, आप घोड़े की लातों में चले गए थे, और मुझे उठाकर दूकान के तख्ते पर खड़ा कर दिया था। ऐसे ही इन दोनों को बचाना। यह मेरी भिक्षा है।

(ग) 'जिंदगी-भर मजदूरी करते रह जाओगे। सर्वे का समय हो रहा है, लाठी कड़ी करो तो दो-चार बीघे जीमन हासिल कर सकते हो।' सो गाँव की किसी पुतखौकी का भतार सर्वे के समय बाबू साहेब के खिलाफ खांसा भी नहीं। ..... बिरजू के बप्पा को कम सहना पड़ा है। बाबू साहेब गुस्से से सरकस नाच के बाघ की तरह हुमड़ने रह गए। उनका बड़ा बेटा घर में आग लगाने की धमकी देकर गया ....आखिर बाबू साहेब ने अपने सबसे छोटे लड़के को भेजा। बिरजू की माँ को 'मौसी' कहके पुकारा – 'यह जमीन बाबू जी ने मेरे नाम से खरीदी थी। मेरी पढ़ाई-लिखाई उसी जमीन की उपज से चलती है।'

(घ) चौधरी-खानदान अपने मकान को हवेली पुकारता था। नाम बड़ा देने पर जगह तंग ही रही। दारोगा साहब के जमाने में जनाना भीतर था और बाहर बैठक में वे मोढ़े पर बैठ नैचा गुड़गुड़ाया करते। जगह की तंगी की वजह से उनके बाद



बैठक भी जनाने में शामिल हो गयी और घर की ड्योढ़ी पर परदा लटक गया। बैठक न रहने पर भी घर की इज्जत का ख्याल था, इसलिए पर्दा बोरी के टाट का नहीं, बढ़िया किस्म का रहता। जाहिर है, दोनों भाइयों के बाल-बच्चे एक ही मकान में रहने पर भी भीतर सब अलग-अलग था।

(ङ) उन्होंने अनुभव किया कि वह पत्नी और बच्चों के लिए केवल धनोपार्जन के निमित्त मात्र हैं। जिस व्यक्ति के अस्तित्व से पत्नी मांग में सिंदूर डालने की अधिकारिणी है, समाज में उसकी प्रतिष्ठा है, उसके सामने वह दो वक्त भोजन की थाली रख देने से सारे कर्तव्यों से छुट्टी पा जाती है। वह घी और चीनी के डिब्बों में इतनी रमी हुई है कि अब वह उसकी संपूर्ण दुनिया बन गई है। गजाधर बाबू उनके जीवन के केंद्र नहीं हो सकते, उन्हें तो अब बेटी की शादी के लिए भी उत्साह बुझ गया। किसी बात में हस्तक्षेप न करने के निश्चय के बाद भी उनका अस्तित्व उस वातावरण का एक भाग न बन सका। उनकी उपस्थिति उस घर में ऐसी असंगत लगने लगी थी, जैसे सजी हुई बैठक में उनकी चारपाई थी। उनकी सारी खुशी एक गहरी उदासीनता में डूब गई।

(च) मुन्नी उसके पास से दूर हट गई और आंखें तरेरती हुई बोली – कर चुके दूसरा उपाय! जरा सुनूँ तो कौन-सा उपाय करोगे? कोई खैरात दे देगा कम्मल? न जाने कितनी बाकी है, जो किसी तरह चुकने ही नहीं आती। मैं कहती हूँ, तुम क्यों नहीं खेती छोड़ देते? मर-मर काम करो, उपज हो तो बाकी दे दो, चलो छुट्टी हुई। बाकी चुकाने के लिए ही तो

हमारा जनम हुआ है। पेट के लिए मजूरी करों। ऐसी खेती से बाज आयें। मैं रुपये न दूँगी, न दूँगी। हल्कू उदास होकर बोला–तो क्या गाली खाऊँ? मुन्नी ने तड़पकर कहा–गाली क्यों देगा, क्या उसका राज है? मगर यह कहने के साथ ही उसकी तनी हुई भौहें ढीली पड़ गईं। (3×7=21)

## खण्ड-ख

2. किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(क) प्रेमचन्द की दलित चेतना पर प्रकाश डालिए।

(ख) 'गोदान', भारतीय किसान जीवन का दस्तावेज है। इस कथन पर टिप्पणी कीजिए।

(ग) प्रेमचन्द की नारी भावना पर सारगर्भित लेख लिखो।

(घ) आंचलिक उपन्यास की परम्परा में फणीश्वरनाथ रेणु का स्थान निर्धारित कीजिए।

(ङ) 'मैला आंचल' उपन्यास की भाषा पर प्रकाश डालिए।

(च) 'मैला आंचल' उपन्यास में ग्राम्य जीवन में होने वाले राजनीतिक-आर्थिक परिवर्तनों के चित्रण पर प्रकाश डालिए।

(3×12=36)

## खण्ड-ग

3. किन्हीं **पाँच** पर टिप्पणी कीजिए। प्रत्येक टिप्पणी लगभग 250 शब्दों में हो।

(क) जैनेन्द्र कुमार का साहित्यिक परिचय।

(ख) भगवतीचरण वर्मा की किसी एक कृति का परिचय।



(ग) अमरकांत की किसी एक कृति की मूल संवेदना।

(घ) बालशौरी रेड्डी का साहित्यिक योगदान।

(ङ) मन्नू भंडारी का साहित्यिक परिचय।

(च) बंग महिला का साहित्यिक योगदान।

(छ) अज्ञेय का साहित्यिक परिचय।

(ज) यशपाल की किसी एक कृति का परिचय।

(झ) बेचन शर्मा उग्र का साहित्यिक परिचय।

(ञ) अमृतलाल नागर की किसी एक कृति की मूल संवेदना।

(5×3=15)

## खण्ड-घ

4. सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

(क) 'गोदान' कब प्रकाशित हुआ?

(ख) 'मैला आंचल' किस श्रेणी का उपन्यास है?

(ग) हल्कू किस कहानी का पात्र है?

(घ) भारत-पाक विभाजन पर पाठ्यक्रम में कौन-सी कहानी है?

(ङ) गजाधर बाबू का संबंध किस कहानी से है?

(च) 'गोदान' में मिल मालिक खन्ना की पत्नी का क्या नाम है?

(छ) 'मैला आंचल' बिहार के किस गांव पर केंद्रित है?

(ज) पहले विश्व युद्ध की पृष्ठभूमि किस कहानी में है।

(8×1=8)

(ख) 'हरिऔध' की 'वैदेही वनवास' का वर्णन कीजिए।

(ग) महादेवी वर्मा नीर भरी दुख की बदली का विवेचन।

(घ) महादेवी के निबन्ध 'मेरा परिवार' में संकलित।

(ङ) केदारनाथ अग्रवाल का जीवन-परिचय।

(च) केदारनाथ अग्रवाल 'माझी न बजाओ वंशी' काव्य-संग्रह।

(छ) बच्चन की 'बंगाल का काल' रचना।

(ज) बच्चन की 'निशा निमंत्रण'।

(झ) भवानी प्रसाद मिश्र की 'स्तवन' कविता।

(ञ) भवानी मिश्र का प्रकृति चित्रण। (5×3=15)

4. निम्नलिखित वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(क) सुमित्रानन्दन पंत की माता का नाम।

(ख) पंत किस काव्यधारा के आधार स्तम्भ थे।

(ग) पंत का 'लोकायतन' किस विधा का काव्य है?

(घ) 'कामायनी' में बौद्ध विचारधारा के अनुसार किस तत्त्व की प्रमुखता है?

(ङ) प्रसाद के किस काव्य-रचना को दार्शनिक मनीषा का महाकाव्य माना जाता है?

(च) निराला के दो उपन्यासों के नाम लिखिए।

(छ) 'राम की शक्तिपूजा' किस रामायण के कथानक पर आधारित है?

(ज) 'सरोज स्मृति' निराला का कैसा गीत है? (8×1=8)

---



Roll No. ..................... Total Pages : 4

**CMDE/D-17** **6622**

आधुनिक हिन्दीकाव्य

Paper–IV/HI-104

Time : Three Hours] [Maximum Marks : 80

1. निम्नलिखित अवतरणों में से **तीन** की सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

(क) बार-बार उस भीषण रव से काँपती धरती देख विशेष,
मानो नील व्योम उतरा हो आलिंगन के हेतु अशेष।
उधर गरजती सिंधु लहरियाँ कुटिल काल के जालों सी
चली आ रही फेन उगलती फन फैलाए व्यालों-सी
धँसती धरा धधकती ज्वाला ज्वालामुखियों के निःश्वास,
और संकुचित क्रमशः उसके अवयव का होता था ह्रास।

(ख) विषमता के पीड़ा से व्यस्त हो रहा स्पंदित विश्व महान,
यही दुख सुख, विकास का सत्य यही भूमा का मधुमयदान
नित्य समरसता का अधिकार उमड़ता कारण-जलधि समान,
व्यथा से नीली लहरों बीच बिखरते सुख माणिगण द्युतिमान।
लगे कहने मनु सहित विषाद-मधुर-मारूत से ये उच्छ्वास।
अधिक उत्साह तरंग अबाध उठाते मानस में सविलास।

(ग) स्मित बन जाती है तरल हँसी नयनों में भरकर बाँकपना,
प्रत्यक्ष देखती हूँ सब जो वह बनता जाता है सपना।
मेरे सपनों में कलरव का संसार आँख जब खोल रहा,
अनुराग समीरों पर तिरता था, इतराता-सा डोल रहा।

अभिलाषा अपने यौवन में उठती उस सुख के स्वागत को,
जवन भर के बल वैभव से सत्कृत करती दूरागत को।

(घ) रवि हुआ अस्तः ज्योति के पख पर लिखा अमर
रह गया राम-रावण का अपराजेय समर।
आज का तीक्ष्ण-शर-विधृत-क्षिप्र-कर, वेग प्रखर,
शतश्लेसम्वरणशील, नील नभ गर्जित स्वर,
प्रतिपल परिवर्तित-व्यूह भेद-कौशल समूह
राक्षस विरुद्ध, प्रत्यूह, क्रूद्ध-कपि-विषम-हूह
विच्छुरित वह्नि-राजीवनयन-हत-लक्ष्य बाण
लोहितलोचन-रावण-मदमोचन-महीयान,
राघव-लाघव-रावण-वारण गत-युग्म-प्रहर।

(ङ) अपशब्द अधरों का सुनो, भाष
मैं कवि हूँ पाया है प्रकाश
मैंने कुछ अहरह रह निर्भर
ज्योतिस्तरणा के चरणों पर।
जीवित-कविते, शत-शत जर्जर
छोड़कर पिता को पृथ्वी पर
तु गई स्वर्ग, क्या यह विचार
जब पिता करेंगे मार्ग पार
यह अक्षम अति, तब मैं सक्षम
तारूँगी कर गह दुस्तर तम?
कहता तेरा प्रयाण सविनय,
कोई न अन्य था भावोदय।



(च) चटकती कलियाँ, निकलती मृदुल गन्ध,
गले लगकर हवा चलती मन्द-मन्द,
चहकते बुलबुल, मचलती टहनियाँ,
बाग चिड़ियों का बना था आशियाँ।
साफ राहें, सरों दोनों ओर
दूर तक फैले हुए कुछ छोर,
बीच में आरामगाह
दे रही है बड़प्पन की थाह
कहीं झरने, कहीं छोटी-सी पहाड़ी,
कहीं सुथरा चमन, नकली कहीं झाड़ी। (3×7=21)

2. निम्नलिखित प्रश्नों में से **तीन** का उत्तर दीजिए :

(क) पंत की काव्य-यात्रा के विभिन्न सोपानों का वर्णन कीजिए।

(ख) पंत के काव्य में वर्णित जीवन-दर्शन का विवेचन कीजिए।

(ग) पंत के काव्य में प्रकृति-चित्रण एक कुशल चितेरे के रूप में हुआ है – विवेचन कीजिए।

(घ) कवि पंत के काव्य में वर्णित कल्पनाशीलता का विहंगमावलोकन कीजिए।

(ङ) कवि पंत के काव्य में सौंदर्य-चेतना का विशद् वर्णन हुआ है– उदाहरण सहित विवेचित कीजिए।

(च) पंत की काव्य-भाषा का विवेचन कीजिए।

(3×12=36)

3. निम्नलिखित लघूत्तरी प्रश्नों में से **पाँच** का उत्तर 250 शब्दों में दीजिए :

(क) अयोध्यासिंह उपाध्याय 'हरिऔध' की 'प्रिय प्रवास' की काव्य-भाषा।

Roll No. ....................

Total Pages : 5

**6626**

**CMDE/D-17**

प्रेमचन्द

Paper–V/HI-105

Opt. : (IV)

Time : Three Hours] [Maximum Marks : 80

**नोट** : सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

## खण्ड-क

1. किन्हीं **तीन** की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए।

(क) रमा ने कौतूहल से कहा–याद नहीं आता, पर शायद अफ्रीका हो, हमें यह सुनकर अचंभा होता है, लेकिन अन्य देश वालों के लिए नाक-कान का छिदना कुछ कम अचंभे की बात न होगी। बुरा मरज है, बहुत ही बुरा। वह धन, जो भोजन में खर्च होना चाहिए, बाल-बच्चों का पेट काटकर गहनों की भेंट कर दिया जाता है। बच्चों को दूध न मिले न सही। घी की गंध तक उनकी नाक में न पहुंचे, न सही। मेवों और फलों के दर्शन उन्हें न हों, कोई परवा नहीं, पर देवीजी गहने जरूर पहनेंगी और स्वामीजी गहने जरूर बनवाएंगे। दस-दस, बीस-बीस रुपये पाने वाले क्लर्कों को देखता हूँ, जो सड़ी हुई कोठरियों में पशुओं की भांति जीवन काटते हैं, जिन्हें सवेरे का जलपान तक मयस्सर नहीं होता, उन पर भी गहनों की सनक सवार रहती है। इस प्रथा से हमारा सर्वनाश होता

जा रहा है। मैं तो कहता हूँ, यह गुलामी पराधीनता से कहीं बढ़कर है। इसके कारण हमारा कितना आत्मिक, नैतिक, दैहिक, आर्थिक और धार्मिक पतन हो रहा है, इसका अनुमान ब्रह्मा भी नहीं कर सकते।

(ख) मैं जानता हूँ, तुम्हारी आमदनी अच्छी है, पर भविष्य के भरोसे पर और चाहे जो काम करो, लेकिन कर्ज कभी मत लो। गहनों का मर्ज़ न जाने इस दरिद्र देश में कैसे फैल गया। जिन लोगों के भोजन का ठिकाना नहीं, वे भी गहनों के पीछे प्राण देते हैं। हर साल अरबों रुपये केवल सोना-चांदी खरीदने में व्यय हो जाते हैं। संसार के और किसी देश में इन धातुओं की इतनी खपत नहीं। तो बात क्या है? उन्नत देशों में धन व्यापार में लगता है, जिससे लोगों की परवरिश होती है, और धन बढ़ता है। यहां धन! श्रृंगार में खर्च होता है, उसमें उन्नति और उपकार की जो दो महान शक्तियां हैं, उन दोनों ही का अंत हो जाता है। बस यही समझ लो कि जिस देश के लोग जितने ही मूर्ख होंगे, वहां जेवरों का प्रचार भी उतना ही अधिक होगा। यहां तो खैर नाक-कान छिदाकर ही रह जाते हैं, मगर कई ऐसे देश भी हैं, जहां होंठ छेदकर लोग गहने पहनते हैं।

(ग) मुझे उस दशा में भी तुमसे मांगने में संकोच न होगा। मैत्री परिस्थितियों का विचार नहीं करती। अगर यह विचार बना रहे, तो समझ लो मैत्री नहीं है। ऐसी बातें करके तुम मेरा द्वार बंद कर रही हो मैंने मन में समझा था, तुम्हारे साथ जीवन के दिन काट दूंगी, लेकिन तुम अभी से चेतावनी दिए देती हो अभागों को प्रेम की भिक्षा भी नहीं मिलती। यह कहते-कहते रतन की आंखें सजल हो गईं। जालपा अपने को



दुखिनी समझ रही थी और दुखी जनों को निर्मम सत्य कहने की स्वाधीनता होती है।

(घ) सच बताओ, जब तुम सुराज का नाम लेते हो, तो उसका कौन-सा रूप तुम्हारी आँखों के सामने आता है? तुम भी बड़ी-बड़ी तलब लोगे, तुम भी अंग्रेजों की तरह बंगलों में रहोगे, पहाड़ों की हवा खाओगे, अंग्रेजी ठाठ बनाए घूमोगे, इस सुराज से देश का क्या कल्याण होगा। तुम दिन में पाँच बेर खाना चाहते हो, और वह भी बढ़िया माल, गरीब किसान को एक जून सूखा चबेना भी नहीं मिलता। उसी का रक्त चूसकर तो सरकार तुम्हें हुद्दे देती है। तुम्हारा ध्यान कभी उनकी ओर जाता है? अभी तुम्हारा राज नहीं है, तब तो तुम भोग-विलास पर इतना मरते हो, जब तुम्हारा राज हो जायेगा, तब तो तुम गरीबों को पीसकर पी जाओगे।

(ङ) बिना विश्वास के प्रेम हो ही कैसे सकता है? जिससे तुम अपनी बुरी-से-बुरी बात न कह सको, उससे तुम प्रेम नहीं कर सकते। हाँ, उसके साथ विहार कर सकते हो, विलास कर सकते हो। उसी तरह जैसे कोई वेश्या के पास जाता है। वेश्या के पास लोग आनन्द उड़ाने ही जाते हैं, कोई उससे मन की बात कहने नहीं जाता।

(च) 'तुम देवता भी होते तो शंका होती, तुम तो आदमी हो मुझे तो ऐसी कोई स्त्री न मिली, जिसने अपने पति की निष्ठुरता का दुखड़ा न रोया हो साल दो साल तो वह खूब प्रेम करते हैं, फिर न जाने क्यों उन्हें स्त्री से अरूचि-सी हो जाती है। मन चंचल होने लगता है। औरत के लिए इससे बड़ी विपत्ति नहीं। उस विपत्ति से बचने के सिवा मैं और क्या वरदान मांगती?' यह कहते हुए जालपा ने पति के गले में बांहे डाल

दीं और प्रणय-संचित नजरों से देखती हुई बोली, 'सच बताना, तुम अब भी मुझे वैसे ही चाहते हो, जैसे पहले चाहते थे? देखो, सच कहना, बोलो!' (3×7=21)

## खण्ड-ख

2. किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

(क) सेवासदन की वर्तमान में प्रासंगिकता पर प्रकाश डालिए।

(ख) प्रेमचन्द की नारी भावना पर प्रकाश डालिए।

(ग) प्रेमचन्द के जीवन दर्शन पर सारगर्भित लेख लिखिए।

(घ) प्रेमचन्द की संपादन कला पर प्रकाश डालिए।

(ङ) प्रेमचंद की नाट्यकला पर विस्तारपूर्वक विचार कीजिए।

(च) कर्बला नाटक की रंगमंचीयता पर प्रकाश डालिए।

(3×12=36)

## खण्ड-ग

3. किन्हीं **पाँच** पर टिप्पणी कीजिए। प्रत्येक टिप्पणी लगभग 250 शब्दों में हो।

(क) 'गबन' की मूल संवेदना।

(ख) 'कर्बला' में साझी संस्कृति।

(ग) 'कर्बला' की मूल संवेदना।

(घ) 'सेवासदन' की सुमन का व्यक्तित्व।

(ङ) 'गबन' में मध्यवर्ग।

(च) आदर्शोन्मुखी यथार्थवाद।



(छ) 'गबन' के नामकरण की सार्थकता।

(ज) 'गबन' की जालपा का चरित्र।

(झ) 'कर्बला' की भाषा।

(ञ) 'सेवासदन' की प्रमुख समस्या। (5×3=15)

## खण्ड-घ

4. सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

(क) 'कर्बला' किस विधा की रचना है?

(ख) 'गबन' में गबन कौन करता है?

(ग) 'कर्बला' नाटक सुखान्त है या दुखान्त।

(घ) 'गबन' में रतन के पति का नाम बताइए।

(ङ) 'सेवासदन' में प्रमुखत: किस समस्या को उठाया है?

(च) गबन उपन्यास कब प्रकाशित हुआ?

(छ) 'सेवासदन' में सुमन के पति का क्या नाम है?

(ज) 'कर्बला' स्थान किस देश में पड़ता है? (8×1=8)

(ग) विद्यापति की भाषा कौन-सी है?

(घ) तुलसी के पिता का नाम।

(ङ) तुलसी की दो रचनाओं के नाम।

(च) कबीर को वाणी का डिक्टेटर किसने कहा?

(छ) कबीर पर लिखित पुस्तक पर दो विद्वानों की पुस्तकों का नाम और विद्वानों का नाम लिखिए।

(ज) तुलसी की कवितावली किस भाषा में लिखी गई?

(8×1=8)



Roll No. .....................

Total Pages : 4

**7355**

**MDQ/D-17**

प्राचीन एवं मध्यकालीन काव्य

Paper–VI

Time : Three Hours] [Maximum Marks : 80

1. निम्नलिखित अवतरणों में से **तीन** की सप्रसंग व्याख्या कीजिए:

(क) हरि जनि बिसरब मो ममिता, हय नर अधम परम पतिता।
तुअ सन अधम उधार न दोसर, हम सन जग नहिं पतिता।
जम के द्वार जवाब कओन देब, जखन बूझत निजगन कर दतिया।
जम हम किंकर कोपि पठाएत, तखन के होत धरहरिया।
भन विद्यापति सुकवि पुनीत मति, संकर विपरीत बानी।
असरन-सरन चरन सिर नाओल दया करू दिअ सुलपानी।

(ख) माधब ! कि कहब सुन्दरि रूपे।
कतक जतन बिहि आन समारल, देखल नयन सरूपे।
पल्लबराज चरन-जुग सोभित, गति गजराज क भाने।
कनक कदलि पर सिंह समारल तापर मेरु समाने।
मेरु उपर दुइ कमल फुलायल, नाल बिना रुचि पाई।
मनिमय हार धार बहु सुरसरि, तओ नहि कमल सुखाई।

(ग) पथ गति नयन मिलन राधा कान। दुहु मन मनसिज पुरल सन्धान।
दुहु मुख हेरइत दुहु भेल भोर। समय न बूझए अचतुर चोर।
बिदगधि सांगिनि सब रस जान। कुटिल नयान कएल समधान।
चलल राज-पथ दुहु उरझाई। कह कवि सेखर दुहु चतुराई।।

(घ) माधव हमर रटल दुर देस। केओ न कहिए, सखि ! कुसल सनेस,
जुग जुग जीवथ बसथ लाख कोस। हमर अभाग हुनक कौन दोस।
हमर करम भेल बिहि बिपरीत। तेजव माधब पुरुबिल पिरीत।
हिरदयक बदन बान समान। आनक दुःख आन नहिं बान।
भनइ विद्यापति कवि जयराम। कि करत नाह दैव भेल बाम।

(ङ) कुसुमित कानन हेरि कमल मुखि, मुँदि रहु दुअओ नयान।
कोकिल कल-रव मधुकर धुनि सुनि कर लए झांपए कान।
माधव सुन-सुन बचन हमारा।
तुअ गुन सुन्दरि अति भेलि दूबरि गुनि-गुनि पेम तोहारा।
धरनी धरि धनि कत बेरि बइसए, पुन तीहं उठए न पारा।
कातर दिठि करि चौदिस, हेरि हेरि नयन ढारए जलधारा।
तोहर बिरह दिन छन-छन तनु छिन, चौदसि चाँद समान।
भनइ विद्यापति सिबसिहं नरपति, लखिया देह रमान।

(च) रामा हे। से किअ बिसरल जाई।
कर धरि माथुर अनुमति मँगइत ततहि परल मुरछाई।
किछु गदगद सर लहु-लहु आखरे, कान्ह कहल बर बामा।
कठिन कलेवर तहिं चलि आओल, चित्त रहल ओहि ठामा।
तनि बिनु राति दिवस नहिं भाबए, ताहि रहल मन लागि।
आन रमनि सँग राज सम्पद, हमे आछिअ जइसे बिरागी।
दुई एक दिबस निचय हम जाओब तोहुँ परबोधह राई।
विद्यापति कह चित्त रहल नहि, पेम मिलाएब जाई।

(3×7=21)



2. निम्नलिखित प्रश्नों में से **तीन** का उत्तर दीजिए:

(क) कबीर की रहस्य-भावना का विवेचन कीजिए।

(ख) निर्गुण काव्यधारा में कबीर का स्थान निर्धारित कीजिए।

(ग) कबीर की भाषा का विवेचन कीजिए।

(घ) तुलसी की लोकमंगल की भावना का वर्णन कीजिए।

(ङ) चित्रकूट का महत्त्व उदाहरण सहित विवेचन कीजिए।

(च) तुलसी की दार्शनिक भावना का विवेचन कीजिए।

(3×12=36)

3. निम्नलिखित लघूत्तरी प्रश्नों में से **पाँच** का उत्तर दीजिए:

(क) सरहपाद का परिचय।

(ख) सरहपाद का काव्य।

(ग) गोरखनाथ की योग-साधना।

(घ) गोरखनाथ का परिचय।

(ङ) अमीर खुसरो की खड़ी बोली।

(च) अमीर खुसरो का व्यक्तित्व।

(छ) नन्ददास की ब्रजभाषा।

(ज) नन्ददास की भक्ति-भावना।

(झ) मीरा के गुरु।

(ञ) मीरा की प्रेम-भावना।

(5×3=15)

4. निम्नलिखित वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर दीजिए:

(क) विद्यापति की **दो** संस्कृत रचनाओं के नाम लिखिए।

(ख) विद्यापति की किसी किंवदन्ति का नाम लिखिए।

Roll No. ...................... Total Pages : 3

**MDQ/D-17** **7356**

# हिन्दी

(काव्यशास्त्र एवं साहित्यालोचन)

Paper–VII

Time : Three Hours] [Maximum Marks : 80

**नोट :** सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

## खण्ड (क)

1. किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(क) काव्य की परिभाषा देते हुए काव्य प्रयोजनों पर प्रकाश डालिए।

(ख) अलंकार सिद्धांत का परिचय दीजिए।

(ग) रीति सिद्धांत पर प्रकाश डालिए।

(घ) ऐतिहासिक समीक्षा पद्धति पर प्रकाश डालिए।

(ङ) सौंदर्यशास्त्री समीक्षा पद्धति पर प्रकाश डालिए।

(च) रीतिकालीन हिन्दी समीक्षा पर प्रकाश डालिए। (3×14=42)

## खण्ड (ख)

2. किन्हीं **पाँच** पर टिप्पणी कीजिए। प्रत्येक टिप्पणी लगभग 250 शब्दों में हो।

(क) रस के अवयव।

(ख) काव्य प्रयोजन।

(ग) अलंकारों का वर्गीकरण।

(घ) अभिव्यंजना।

(ङ) रस निष्पति।

(च) सौंदर्यशास्त्रीय समीक्षा पद्धति।

(छ) मनोविश्लेषणवादी समीक्षा पद्धति।

(ज) साधारणीकरण।

(झ) ऐतिहासिक समीक्षा पद्धति।

(ञ) हिन्दी के रीतिकालीन काव्यशास्त्री। (5×4=20)

## खण्ड ( ग )

3. सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(क) औचित्य सिद्धांत के प्रवर्तक का नाम।

(ख) आचार्य आनन्दवर्धन ने किस सम्प्रदाय की स्थापना की।

(ग) ध्वनि सिद्धांत के प्रवर्तक का नाम।

(घ) भरतमुनि के ग्रंथ का नाम लिखो।

(ङ) अनुमितिवाद का सिद्धांत किस आचार्य ने दिया।

(च) आचार्य क्षेमेन्द्र के ग्रंथ का नाम बताओ।

(छ) अभिव्यक्तिवाद किस आचार्य का मत है?

(ज) शब्द-शक्ति के कितने भेद हैं? (8×1=8)

## खण्ड ( घ )

4. निम्न काव्यांश की समीक्षा कीजिए :

अब तक क्या किया,
जीवन क्या जिया,



ज्यादा लिया और दिया बहुत-बहुत कम
मर गया देश, अरे जीवित रह गये तुम...."
मेरा सिर गरम है,
इसीलिए भरम है।
सपनों में चलता है आलोचन,
विचारों के चित्रों की अवलि में चिंतन।
निजत्व-माफ है बेचैन, क्या करूँ, किससे कहूँ,
कहाँ जाऊँ, दिल्ली या उज्जैन? (10)

Roll No. ...................... Total Pages : 3

**MDQ/D-17** **7357**

# प्रयोजनमूलक हिन्दी

Paper–VIII

Time : Three Hours] [Maximum Marks : 80

1. निम्नलिखित प्रश्नों का आलोचनात्मक उत्तर दीजिए :

(क) टिप्पण पर विस्तार से प्रकाश डालिए।

अथवा

ज्ञान-विज्ञान के विभिन्न क्षेत्रों में पारिभाषित शब्दावली का वर्णन कीजिए।

(ख) कम्प्यूटर की रूपरेखा बताकर उसके क्षेत्र को स्पष्ट कीजिए।

अथवा

हिन्दी सॉफ्टवेयर पैकेज पर प्रकाश डालिए।

(ग) संपादन के आधारभूत तत्त्वों का विवेचन कीजिए।

अथवा

शीर्षक की संरचना पर विस्तार से प्रकाश डालिए।

(घ) पत्रकारिता में आचार संहिता को स्पष्ट कीजिए।

अथवा

पत्रकारिता में साक्षात्कार की उपयोगिता स्पष्ट कीजिए।

(4×12=48)

2. किन्हीं **पाँच** लघूत्तरी प्रश्नों के उत्तर लगभग 250 शब्दों में लिखिए:

(क) संचार भाषा।

(ख) मातृभाषा।

(ग) पल्लवन।

(घ) इन्टरनेट सम्पर्क उपकरणों का परिचय।

(ङ) ई-मेल ग्रहण।

(च) अपलोडिंग।

(छ) व्यावहारिक प्रूफ शोधन।

(ज) शीर्षक संपादन।

(झ) प्रैस प्रबन्धन।

(ञ) संपादकीय लेखन। (5×4=20)

3. निम्नलिखित वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(क) क्या गद्य साहित्य में भाषा की सृजनात्मकता का प्रयोग होता है?

(ख) संकेताक्षरों व लिपि चिह्नों से युक्त भाषा को क्या कहते हैं?

(ग) संविधान के किस अनुच्छेद में हिन्दी को राजभाषा घोषित किया है?

(घ) W.W.W. से क्या अभिप्राय है?



(ङ) वेब ब्राउजर किसे कहते हैं?

(च) लिंक्स से क्या अभिप्राय है?

(छ) समाचार का प्रमुख गुण क्या है?

(ज) पहले प्रूफ को क्या कहते हैं?

(झ) स्टोरी के प्रथम चरण को क्या कहते हैं?

(ञ) ले-आउट का दूसरा नाम क्या है?

(ट) 'उदन्त मार्तण्ड' कब प्रकाशित हुआ?

(ठ) बालमुकुन्द गुप्त ने किस पत्र का संपादन किया? (1×12=12)

(ग) बंगला कहानी।

(घ) बंगला उपन्यास।

(ङ) बंगला सूफी काव्य।

(च) भारतीय साहित्य की अवधारणा।

(छ) भारतीय साहित्य का स्वरूप।

(ज) बंगला नाथ साहित्य।

(झ) बंकिमचन्द्र।

(ञ) नजरूल इस्लाम। (3×5=15)

## खण्ड-घ

4. सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(क) सीताकान्त महापात्र मूलतः किस भाषा के कवि हैं?

(ख) 'नया साल और बापी' कविता में बापी का कवि से क्या संबंध है?

(ग) 'वर्षा की सुबह' में संकलित किन्हीं दो कविताओं के नाम लिखो।

(घ) 'वर्षा की सुबह' कविता संग्रह के प्रकाशक का नाम बताओ।

(ङ) 'यह खिलखिलाकर हँसता, मुखरित होता सबेरा, दिन' किस कविता की पंक्तियां हैं?

(च) 'वर्षा की सुबह' संग्रह का मूल नाम लिखो।

(छ) 'वर्षा की सुबह' पुस्तक में कुल कितनी कविताएं हैं?

(ज) 'वर्षा की सुबह' की कविताओं में प्रकृति मानवीकरण रूप में है अथवा आलम्बन के रूप में। (8×1=8)

---



Roll No. .....................

Total Pages : 4

**MDQ/D-17** **7358**

# भारतीय साहित्य

Paper–IX

Time : Three Hours] [Maximum Marks : 80

**नोट :** सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

## खण्ड-क

1. किन्हीं **तीन** की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए।

(क) समुद्र का कुछ भी खत्म नहीं होता।
मानो अपनी अबूझ भाषा में
कहता रहता है
जो भी कुछ ले जाना हो ले जाओ
जितना चाहो ले जाओ
फिर भी रहेगी बची देने की अभिलाषा।

(ख) पीछे पलटकर मत देखना
नक्षत्र कभी नहीं होता पीछे
मृगया को सिर्फ झूठी माया समझ
संदेह मत करना
मायावी मृग से बढ़कर सच
हमारे नसीब में नहीं होता
धनुष-बाण लिए उसी स्वर्ण
मृग के पीछे ही दौड़ना।

(ग) हमारा काम है सिर्फ रोपते चले जाना
अर्थ के बोझ से झुकते जा रहे
आँसुओं से लथपथ, मुस्कान से सराबोर
जादुई शब्द पास-पास
गर्दन झुकाए कमर तोड़े, झुककर जलाते जाना
अँधेरी रात में, काले बादलों तले
एक-एक कर नन्हें-नन्हें शब्दों की बाती
हमारा काम है केवल जोड़ते चले जाना

(घ) झड़ने से पहले सूखा पत्ता
दुनिया में सबसे अवांछित समझता है खुद को।
भला क्या जाने वह
खास उसी के लिए असीम धैर्य से
नीचे ताक रही है मिट्टी
न जाने किस अनंतकाल से
उसे अपनी देह में मिलाएगी
अमृत बनाएगी,
जीवन्यास देगी नए बीज को

(ङ) डरता है मौत से वह आदमी
लेकिन वह डर काली बिल्ली के मुंह में
भयभीत चुहिया का
छिन्न-छिन्न हो जाने का डर नहीं,
वह डर है सामना करने का
एक ऐसे सुदूर प्रसारी अजेय कुहासे का
जिसे चीरकर कुछ देखना संभव नहीं
न आगे, न पीछे, न खुद को



(च) एक युग बीत गया तब से
पर अब समझ चुका हूं
भाग्य उजाले की ओर ताकने पर भी
अंधेरा देखने में ही सार है
भाग्य है एक दुःस्वप्न
कोमल सपने में देखे रक्तपात, षड़यन्त्र और ईर्ष्या का।

(3×7=21)

## खण्ड-ख

2. किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(क) भारतीय साहित्य के अध्ययन की समस्याओं पर विस्तार से प्रकाश डालिए।

(ख) हिन्दी साहित्य में आज के भारत के बिम्ब पर प्रकाश डालिए।

(ग) हिन्दी कहानी और बंगला कहानी साहित्य की तुलनात्मक विवेचना कीजिए।

(घ) नजरूल इस्लाम और सूर्यकान्त त्रिपाठी निराला के साहित्य की तुलना कीजिए।

(ङ) भारतीयता के समाजशास्त्र पर प्रकाश डालिए।

(च) बंगला सूफी काव्य का परिचय दीजिए। (3×12=36)

## खण्ड-ग

3. किन्हीं **पांच** पर टिप्पणी कीजिए :

(क) भारतीय मूल्यों से अभिप्राय।

(ख) भारतीयता से अभिप्राय।

4. निम्नलिखित वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर दीजिए:

(क) 'सूरसागर सार' में कितने पद संकलित हैं?

(ख) 'सूरसागर सार' कहाँ से प्रकाशित है?

(ग) सूरदास हिन्दी साहित्य के क्या माने जाते हैं?

(घ) सूरदास की मृत्यु कहाँ हुई थी?

(ङ) 'साहित्य-लहरी' के आधार पर सूरदास को किसका वंशज मानते हैं?

(च) 'सूरसारावली' में किसको आधार बनाकर संक्षिप्त वर्णन किया गया है?

(छ) सूरदास को किस सम्प्रदाय में श्रेष्ठ स्थान दिया गया है?

(ज) सूर ने किस आयु में विरक्ति को पा लिया था?

(8×1=8)

---



Roll No. .......................

Total Pages : 4

**7361**

**MDQ/D-17**

# सूरदास

Paper–X (iii)

Time : Three Hours] [Maximum Marks : 80

**नोट** : निर्देशानुसार सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

1. निम्नलिखित अवतरणों में से किन्हीं **तीन** की सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

(क) किते दिन हरि सुमिरन बिनु खोए।
पर निन्दा रसना के रस करि, केतिक जनम बिगोए।
तेल लगाइ कियौ रुचि-मर्दन, बस्तर मलि मलि धोए।
तिलक बनाइ चले स्वामी ह्वै, विषयनि के मुख जोए।
काल बली तैं सब जग काँप्यौ, ब्रह्मादिक हूँ रोए।
सूर अधम की कहौ कौन गति, उदर भरे, परि सोए।

(ख) भजन बिनु कूकर सूकर जैसौ।
जैसे घर बिलाव के मूसा, रहत विषय-बस बैसौ।
बन-बगुली अरु गीध-गीधिनी, आइ जनम लियो तैसौ।
उनहूँ कैं गृह, सूत, दारा हैं, उन्हें भेद कहू कैसौ।
जीव मारि के उदर भरत हैं, तिनकौ लेखौ ऐसौ।
सूरदास भगवंत-भजन बिनु, मनौ ऊँट-वृष-भैसौ।

(ग) गोपालराइ दधि माँगत अरु रोटी।
माखन सहित देहि मेरी मैया, सुपक सुकोमल, मोटी।

कत हौ आरि करत मेरे मोहन तुम आँगन में लोटी।
जो चाहौ सो लेहु तुरतहीं, छोड़ौ यह मति खोटी।
करि मनुहारि कलेऊ दीन्हौ, मुख चुपरचौ अरु चोटी।
सूरदास कौ ठाकुर ठाढ़ौ, हाथ लकुटिया छोटी।

(घ) मैं दुहिहौं मोहिं दुहन सिखावहु।
कैसें गहत दोहनी घुटुवनि, कैसें बछराथन लै लावहु।
कैसें लै नोई पग बाँधत, कैसें लै गैया अटकावहु।
कैसे धार दूध की बाजति, सोइ-सोइ विधि तुम मोहिं बतावहु।
निपट भई अब साँझ कन्हैया, गैयनि पै कहूँ चोट लगावहु।
सूर स्याम सौं कहत ग्वाल सब, धेनु दुह न प्रातहि उठि आवहु।

(ङ) जसुमति टेरति कुँवर कन्हैया।
आगैं देखि कहत बलरामहिं, कहाँ रह्यौ तुव भैया।
मेरौ भैया आवत अबहीं तोहिं दिखाऊँ मैया।
धीरज करहूँ, नैंकु तुम देखहु, यह सुनि लेत बलैया।
पुनि यह कहति मोहिं परमोधत, धरनि गिरी मुरझैया।
सूर बिना सुत भइ अति व्याकुल, मेरौ बाल कन्हैया।।

(च) बाजति नंद-अवास बधाई।
बैठे खेलत द्वार आपनैं, सात बरस के कुँवर कन्हाई।
बैठे नन्द सहित वृषभानुहिं, गावतिं मंगल नारि बधाई।
पूजा करत इंद्र की जानी, आए स्याम तहाँ अतुराई।
बार-बार हरि बूझत नंदहिं, कौन देव की करत पुजाई।
इंद्र बड़े कुल देव हमारे, उनतैं सब यह होति बड़ाई।
सूर स्याम तुम्हरे हित कारन, यह पूजा हम करत सदाई।

(3×7=21)



2. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **तीन** के उत्तर दीजिए :

(क) कृष्ण-भक्ति काव्य की परम्परा बताते हुए उसकी प्रवृत्तियाँ लिखिए।

(ख) क्या सूर बाबा वास्तव में अन्धे थे? इसकी प्रमाणिकता और अप्रमाणिकता पर लिखिए।

(ग) सूर की भक्ति-भावना का विवेचन कीजिए।

(घ) सूर की सौंदर्य-दृष्टि का विवेचन कीजिए।

(ङ) सूर-काव्य में वर्णित प्रकृति-चित्रण के विभिन्न रूपों का वर्णन कीजिए।

(च) 'सूरसारावली' की प्रमाणिकता पर विचार कीजिए।

(3×12=36)

3. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **पाँच** के उत्तर 250 शब्दों में दीजिए :

(क) 'साहित्यलहरी' का प्रतिपाद्य।

(ख) 'सूरसारावली' का उद्‌देश्य।

(ग) सूर-काव्य में लोकतत्व।

(घ) सूर-काव्य में ब्रज संस्कृति।

(ङ) सूर-काव्य में दार्शनिक चेतना।

(च) सूर-काव्य में वात्सल्य।

(छ) 'सूरसागर' की मौलिकता।

(ज) 'सूरसागर' का प्रतिपाद्य।

(झ) सूर-काव्य में संयोग शृंगार

(ण) सूर-काव्य में वियोग शृंगार।

(5×3=15)